# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## पंचम सत्र

## तारांकित प्रश्न

**वर्ग-3**

बुधवार, तिथि 10 फाल्गुन, 1933 (श०) / 29 फरवरी, 2012 (ई०)

**प्रश्नों की कुल संख्या--153**

| | |
|---|---|
| (1) ग्रामीण कार्य विभाग .. .. .. | 53 |
| (2) पथ निर्माण विभाग .. .. .. | 21 |
| (3) ग्रामीण विकास विभाग .. .. .. | 07 |
| (4) जल संसाधन विभाग .. .. .. | 41 |
| (5) लघु जल संसाधन विभाग .. . .. | 22 |
| (6) श्रम संसाधन विभाग .. .. .. | 02 |
| (7) भवन निर्माण विभाग .. .. .. | 05 |
| (8) पंचायती राज विभाग .. .. .. | 02 |
| कुल योग .. | 153 |

बांध का निर्माण

'क' *12. श्री नौशद आलम--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के ठाकुरगंज प्रखंडान्तर्गत तातपौआ पंचायत के ए0आर0पी0 भट्ठा के निकट जमना धार पर छलका बांध एवं दिघल बैंक प्रखण्डान्तर्गत खान मंगूरा पी0एम0जी0 सड़क तथा लालपानी के मध्य स्वता बांध पर छलका बांध बांसबाड़ी तथा डूबाडांगी के मध्य सेतीधार पर छलका बांध, हुबली डॉगी से करवामुनी रोड सीमा तक भाया डॉगी बस्ती, कुकुरमुनी, नीलकोठी नहर पर छलका बांध नहीं रहने के कारण क्षेत्र के हजारों एकड़ में लगी फसल बर्बाद हो जाते हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त स्थानों पर छलका बांध निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

सिंचाई की व्यवस्था

*315. श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 30 अक्तूबर, 2011 को प्रकाशित शीर्षक "खेतों में नहीं पहुंचा पानी" को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य के अन्तर्गत ब्रिटिश मॉडल के चालू नलकूपों का पानी सही रूप से खेतों में पहुँचे इसके लिए चैनल निर्माण का कार्य विगत दो वर्ष पूर्व ही प्रारंभ किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2010-11 एवं 2011-12 में निर्माण हेतु 32 करोड़ रुपए लघु जल संसाधन विभाग को आवंटित किय गये हैं परन्तु अबतक मात्र 10 करोड़ रुपए ही खर्च हुए हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जांच करते हुए सिंचाई सुनिश्चित करने हेतु कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

पुल का निर्माण

*316. श्री रामानन्द राम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत गढ़पुरा प्रखण्ड के प्राणपुर महतो टोला के नजदीक मृत बागमती नदी में पुल नहीं रहने से वहां के हजारों ग्रामीणों के आने-जाने में काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

पईन का जीर्णोद्धार

*317. श्री श्यामदेव पासवान--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के टनकुपा प्रखण्ड अंतर्गत पैमार नदी से निकलने वाली नारायणपुर बांध से इचोई मुहाने, वारा मुहाने हेतु भदान तक नारायणपुर-भदान पईन का जीर्णोद्धार कार्य विगत 25 वर्षों से नहीं होने के कारण इसकी स्थिति जीर्ण-शीर्ण हो गयी है, जिससे किसानों को सिंचाई सुविधा नहीं मिल रही है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पईन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

'क' नोट--दिनांक 22 फरवरी, 2012 को सदन द्वारा स्थगित ।

सड़क का जीर्णोद्धार

*318. श्री महेन्द्र बैठा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत पातेपुर प्रखण्ड के बहुआरा से कृष्णवाड़ा होते हुए पातेपुर मुख्यालय तक का सड़क विगत 5 वर्षों से जर्जर है, जिससे आवागमन बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

सड़क का पक्कीकरण

*319. श्री सुरेन्द्र मेहता--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत वीरपुर प्रखण्ड के फजिलपुर महावीर स्थान से वखतपुर वहियार तक की सड़क का पक्कीकरण नहीं हुआ है, यदि हां, तो सरकार उक्त सड़क को कबतक पक्कीकरण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

पईन की खुदाई

*320. श्री कृष्णनन्दन यादव--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के मोहड़ा प्रखण्ड के कुबड़ी बांध से हजारों हेक्टेयर जमीन की सिंचाई होती तथा कुबड़ी बांध पईन जीर्ण-शीर्ण है । पईन में मिट्टी भर गया है जिससे बरसात का पानी नहीं आता है और किसानों की जमीन की सिंचाई नहीं होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार कुबड़ी बांध पईन की खुदाई कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

पुल का निर्माण

*321. श्री पदम पाराग राय वेणु--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिले के अम्हारा पंचायत के बधमारा के पास सनदिया नदी पर आर0सी0सी0 पुल नहीं बनने से लोगों का आवागमन बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्य आवंटित करना

* 322. श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार-- क्या मंत्री, जल संसाधन विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पथ निर्माण विभाग की संकल्प संख्या 1399 (एस) दिनांक 31 जनवरी, 2008 द्वारा राज्य के कार्य विभागों में अनियोजित/बेरोजगार अभियंताओं को निर्माण कार्य में सुविधा प्रदान करने का प्रावधान किया गया है, जिसके लिए सभी कार्य अंचलों में 15 प्रतिशत कार्य कर्णांकित किया जाना है;

(2) क्या यह बात सही है कि जल पथ अंचल, बिहारशरीफ में अनियोजित अभियंता ने अपना पंजियन करवाने के बावजूद भी वर्ष 2010-11, 2011-12 में करोड़ों रुपये का कार्य होने के बावजूद भी इन्हें कार्य आवंटित नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार संकल्पानुसार अनियोजित/बेरोजगार अभियंता को कार्य आवंटित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का जीर्णोद्धार

* 323. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह-- क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नवीनगर प्रखंड में नवीनगर-बारून रोड के नवीनगर रोड से नवीनगर-ढेंगो पथ भाया सिमरी-तोलका-सड़क विगत पाँच वर्षों से जीर्ण-शीर्ण है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ का जीर्णोद्धार कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

--------

चौड़ाई बढ़ाना

* 324. श्रीमती सुनीता सिंह-- क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बागमती विस्तार योजना कटौना से रमणी तक जो बांध का कार्य कराया गया है, उसमें बांध का एलाएमेंट की चौड़ाई 30 मीटर करना था, जबकि 20 मीटर चौड़ाई का बनाया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि बांध का ऊपरी हिस्सा 5 मीटर होना चाहिए जिसमें उसका स्लोप 1/3 करना था जबकि 1/2 ही स्लोप किया गया है, जिसके कारण बांध में बड़े पैमाने पर रेन कटाव हो रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बांध के एलाएमेंट की चौड़ाई 30 मीटर और उसका स्लोप 1/3 कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

* 325. श्री महेन्द्र बैठा-- क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत पातेपुर प्रखंड के राजधानी रोड बरडीहा से तुर्की तक तुर्की से शैलेस बाबा स्थान तक का सड़क का निर्माण नहीं किया गया है, जिससे आवागमन ठप है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नलकूप चालू करना

* 326. श्री अभिराम शर्मा-- क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद प्रखंड में स्थापित कुल 70 नलकूप में से मात्र 03 नलकूप ही चालू स्थिति में है, जो भी नलकूप खराब स्थिति में है वो सिर्फ बिजली के तार व अन्य मामूली तकनीकी खराबी के कारण बंद पड़े हैं, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त बंद पड़े नलकूप को चालू कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

जल-जमाव से मुक्ति

* 327. श्री छोटेलाल राय-- क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत प्रखंड परसा में अंजनी चंवर में जल-जमाव होने से पंचायत अंजनी, बनौता, अन्याय, शंकरडीह, एवं बलिगाँव पंचायतों के किसानों को रब्बी एवं खरीफ फसल नहीं हो पाता है, जिससे कृषकों की हालत दयनीय हो गयी है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त चंवर को जल-जमाव से मुक्त करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

--------

नहर का जीर्णोद्धार

* 328. श्रीमती रंजु गीता-- क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत नानपुर प्रखंड स्थित महदेया रेलवे पुल से बहेड़ा-जाहीदपुर-डोरपुर-मझौर नहर की स्थिति अत्यंत जर्जर है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नहर की स्थिति जर्जर रहने के कारण सैकड़ों एकड़ भूमि सिंचाई से वंचित रहने साथ बाढ़ के दिनों में पानी नहीं निकल पाता है, जिससे खेती की भारी बर्बादी होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नहर का जीर्णोद्धार करने हेतु कौन-सी कार्रवाई कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

* 329. श्री सत्यदेव सिंह-- क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत कुर्था प्रखंड के ग्राम धरनई मुख्य पथ से पंचतीर्थ तक, कुर्था-किंजर मुख्य पथ के ग्राम तकेया से सैदपुर तक, कुर्था-किंजर मुख्य पथ के ग्राम पींजरवा होते हुए गंगेया, मुसाढ़ी-मदाढ़पुर तक, कुर्था-किंजर मुख्य पथ के ग्राम ढोढरा तक, कुर्था-किंजर मुख्य पथ के सजीवन दरगाह होते हुए भतुबिगहा तक पक्की सड़क का निर्माण नहीं हुआ है जिससे आवागमन बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार उपरोक्त ग्रामों में पक्की सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*330. श्री सतीश कुमार—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत बिदुपुर प्रखण्ड के सैदपुर गणेश पंचायत से दक्षिण सड़क जो कंचनापुर, रजासो, भैरोपुर, खिलवत, बिदुपर कठरिया एवं गणीनाथ मंदिर होते हुए रामदौली, नावानगर मजलिशपुर, चेचर , बाजीतपुर, कथौलिया तक जाती है वह गंगा के कटाव से जगह-जगह विलुप्त हो गया है, यदि हां, तो क्या सरकार वर्णित पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नलकूप लगाना

*331. श्री नौशाद आलम—क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के ठाकुरगंज प्रखण्डान्तर्गत कुकुरबाघी, बरचौंदी, भोडाबर, काशीबाड़ी (दल्लैग गाँव पं०), बिलातीबाड़ी, जियापोखर दोगच्छी, जालमिलिक, नेमुगुड़ी एवं दिघलबैंक प्रखण्डान्तर्गत पदमपूर, सिंघीमारी, तुलसिया, दहीभात, मंगूरा इत्यादि स्थानों में कृषि भूमि में सिंचाई हेतु राजकीय नलकूप (स्टेट बोरिंग) नहीं हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्णित स्थानों के कृषकों को अपने खेतों में ससमय सिंचाई नहीं कर पाने से उपज कम होता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त स्थानों में स्टेट बोरिंग लगाने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क की मरम्मती

*332. श्रीमती नीता चौधरी—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के असरगंज प्रखण्ड अन्तर्गत मकवा मोड़ से बदरखा गांव तक सड़क की स्थिति काफी जर्जर है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क की मरम्मती का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पईन का जीर्णोद्धार

*333. श्री राहुल कुमार—क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला के गंधार पईन, कड़हुआ नाला पईन, महाल पईन, कोर्रा पछियारी आहर, गोडिहा पईन, भखरा आहर, अलीगंज आहर, चौपहा आहर, रूपदेव बिगहा आहर, सलेमपुर सूर्य मंदिर पोखर शेखपुरा आहर, अलगना पईन, बरावां पईन, नौगढ़ (सुमानी बिगहा) पईन का जीर्णोद्धार आजादी के बाद से अब तक नहीं हो पाया है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त आहर पईनों का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पुल का जीर्णोद्धार

*334. श्री वैद्यनाथ सहनी—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत मोरवा प्रखण्ड के ग्राम पंचायत चकपहाड़ में निर्मित स्क्रू पुल क्षतिग्रस्त है, जिससे आवागमन बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त क्षतिग्रस्त स्क्रू पुल का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सिंचाई सुविधा देना

*335. श्रीमती मुन्नी देवी—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहिया शाखा नहर, आरा मुख्य नहर के 33.77 कि०मी० पर स्थित दनवार लाक के बायें तरफ से निकल कर बिहियां आकर समाप्त होती है, परन्तु नहर का जल स्राव अंतिम छोर तक नहीं पहुंच रहा है, इसके कारण किसानों को सिंचाई की सुविधा नहीं मिल रही है, यदि हां, तो क्या सरकार नहर के अंतिम छोर बिहियां तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

आवास का जीर्णोद्धार करना

*336. श्री राज कुमार राय—क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत हसनपुर प्रखण्ड स्थित कर्मचारियों का आवास विगत 7 वर्षों से जर्जर है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्ड के कर्मचारियों के आवास का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का जीर्णोद्धार

*337. श्री वीरेन्द्र सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के मानपुर प्रखण्ड में गेरे सनौत रोड जो वर्ष 2008-09 में बना था की स्थिति जर्जर अवस्था में है, यदि हां, तो सरकार कबतक, गेरे सनौत रोड के जीर्णोद्धार का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

योजना पूर्ण करना

*338. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन-- क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मनरेगा योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2011-12 में 31 जनवरी, 2012 तक बिहार में उपलब्ध राशि 1556 करोड़ में से 595 करोड़ खर्च किये गये हैं जबकि पड़ोसी राज्य झारखंड में 1308 करोड़ में से 724 करोड़, मध्य प्रदेश में 3754 करोड़ में 1886 करोड़ रुपये तथा उत्तर प्रदेश में 4810 करोड़ में से 3266 करोड़ रुपये व्यय किए गए हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि 2011-12 में 31 जनवरी, 2012 तक बिहार में स्वीकृत 294117 योजनाओं में मात्र 66 पूर्ण हुई जबकि झारखंड में 242509 योजनाओं में से 27204 योजनाएँ, मध्य प्रदेश में 807515 योजनाओं में से 74829 योजनाएँ पूर्ण हुई ;

(3) क्या यह बात सही है कि 2011-12 में 31 जनवरी, 2012 तक बिहार में 43316 जौब कार्ड होल्डर्स को 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराया गया जबकि मध्य प्रदेश में 76894 को और उत्तर प्रदेश में 115386 को उपलब्ध कराया गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो मनरेगा योजना में इस तरह पिछड़ने के कौन-से कारण हैं और उनको दूर करने के लिए सरकार कौन-से कदम उठाने का विचार रखती है ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*339. श्री राम लषण राम ''रमण''-- क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत राजनगर प्रखंड की पटवारा दक्षिणी पंचायत में पटवारा चौक से सहोड़ा स्थान से लेकर सहोबड़ा ग्राम तक 4 कि०मी० की खरंजा सड़क जर्जर अवस्था में है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*340. श्री विक्रम कुँवर--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिले में टारी-चैनपुर पथ का निर्माण 2006 से प्रधान मंत्री सड़क योजना से कराया जा रहा है, परन्तु इसी पथ के दूसरे अंश सरहरा से टारी का निर्माण कार्य बंद है, जिससे आम जनता को कठिनाई हो रही है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराना चाहती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*341. श्री वीरेन्द्र सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के गया-नवादा मुख्य पथ से मायापुर गाँव के पास हरली होते हुए बेरका मोड़ तक सड़क का निर्माण नहीं हुआ है, जिससे स्थानीय लोगों को यातायात में कठिनाई हो रही है, यदि हां, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जमीन उपलब्ध कराना

*342. श्री राम सुरत राय--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत बागमती परियोजना में विस्थापित व्यक्तियों को जमीन एवं मकान का मुआवजा का भुगतान हो रहा है, परंतु वासगीत पर्चाधारियों व्यक्तियों को जमीन एवं मकान का न तो मुआवजा दिया जा रहा है और न जमीन ही दी जा रही है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार वासगीत पर्चाधारियों को नियमानुकूल जमीन उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

वाल का निर्माण

*343. श्री नरेन्द्र कुमार पाण्डेय-- क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के सहार प्रखंड अंतर्गत दरना टोला से धनउहाँ गाँव तक जाने वाले नहर का किनारा बार-बार टूट जाता है, जिससे कृषि कार्य बाधित होता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त नहर के किनारे का रिटनिंग वाल बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्य पूरा कराना

*344. श्री कुमार शैलेन्द्र--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के नारायणपुर प्रखंड अंतर्गत प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत नागर टोला से भ्रमरपुर बांध तक आर०ई०ओ० रोड मनोहरपुर से नगरपारा तक बनाने वाली सड़क पर संवेदक द्वारा पिछले एक वर्ष से मिट्टी देकर छोड़ दिया गया है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त अधूरे सड़क को पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बांध का पक्कीकरण

*345. श्री मोतीलाल प्रसाद--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बागमती परियोजना पश्चिमी भाग, जल निस्सरण मोतीहारी द्वारा सीतामढ़ी जिला के बैरगनियाँ प्रखण्ड में रिंग बांध का निर्माण 25 वर्ष पूर्व किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस रिंग बांध का पक्कीकरण नहीं होने से लोगों को आवागमन में कठिनाई उत्पन्न हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त रिंग बांध का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पथों का निर्माण

*346. श्री अवधेश कुमार राय—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के भगवानपुर प्रखण्ड अंतर्गत एन०एच० 28 से दुलारपुर पथ, तियाय-कुंवर टोल पथ हादीपुर-मलहीपुर पथ, दुलारपुर-दादुपुर पथ, तियाय-पिढ़ौली पथ, चुड़ामनचक-भगवानपुर पथ, पासोपुर बसदी घाट पथ पूर्णतः टूट कर गड्ढ़ा बन चुका है;

(2) क्या यह बात सही है कि इन पथों के टूट जाने से आवागमन बाधित होने के कारण दो दर्जन गांव की हजारों आबादी प्रभावित हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सभी पथों को निर्माण कर आवागमन सुनिश्चित करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

वियर का निर्माण

*347. श्री जनार्दन मांझी—क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत अमरपुर विधान-सभा के निकरी योगिया ग्राम के पास लोहागढ़ नदी पर वियर नहीं रहने से किसानों की सिंचाई नहीं हो पाती है, यदि हां, तो क्या सरकार वहां के किसानों के हित में नदी पर वियर बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सिंचाई की व्यवस्था

*348. श्री विभाष चन्द्र चौधरी—क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अंतर्गत समेली प्रखण्ड के भदैया टोला, खैरा, समेली सपहा, चांदपुर, खौटा, नरैहिया गांवों में स्टेट ट्यूबवेल बंद पड़ा हुआ है जिससे किसानों को कृषि कार्य में दिक्कत होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त गांवों के स्टेट ट्यूबवेल को चालू कराकर किसानों को सिंचाई व्यवस्था उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कटाव से बचाव

*349. श्री सबा जफर—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला के अमौर प्रखण्ड के ग्राम पंचायत, टियरपाड़ा के ग्राम सादिपुर आगागंज, असयानी एवं सोनापुर एवं ग्राम पंचायत धुरफेली अन्तर्गत ग्राम पीपरा विष्णुपुर पंचायत अन्तर्गत ग्राम-छतरभोग एवं मंगलपुर, ग्राम पंचायत पोठिया गंगेली अन्तर्गत ग्राम-पोठिया तरौना एवं गंगेली आदि कटाव से प्रभावित हो रही है, यदि हां, तो क्या सरकार कबतक, इन ग्रामों को कटाव से बचाने हेतु सुरक्षात्मक कदम उठाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

दोषी पर कार्रवाई

*350. डॉ० इजहार अहमद—हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 02 फरवरी, 2012 को प्रकाशित शीर्षक '' 2009 से अबतक नहीं बन पायी चार कि०मी० सड़क'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बिरौल अनुमण्डल के प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से बौराम से कुनौनी तक चार कि०मी० सड़क का निर्माण कार्य अक्तूबर, 2009 को प्रारंभ किया गया था जिसे अक्तूबर, 2010 को कार्य पूरा करना था। निर्धारित अवधि समाप्त हुए एक वर्ष से अधिक बीत जाने के बाद भी आज तक सड़क पर मिट्टी का कार्य नहीं हुआ है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क को समय से निर्माण कार्य पूरा नहीं कराने वाले पदाधिकारी पर कौन-सी कार्रवाई करना चाहती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*351. श्री अमरनाथ गामी—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत हायाघाट प्रखण्ड के भजनी घाट के सराय हमीद गांव से स्टेशन बाजार से अस्पताल तक जाने वाली सड़क पूर्णरूप से क्षतिग्रस्त रहने के कारण आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*352. श्रीमती मुन्नी देवी—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलांतर्गत बिहिया प्रखण्ड के बिहिया तीयर रोड में पुल निर्माण की स्वीकृति हेतु बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, पटना द्वारा पत्रांक 2700 (अनु०), दिनांक 28 जून, 2008 से पथ निर्माण विभाग, यातायात को लिखा गया है परंतु आजतक विभाग की स्वीकृति न मिलने के कारण पुल का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है, यदि हां, तो सरकार कबतक, उक्त सड़क में पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है ?

---

पुल बनाना

*353. श्री राम नरेश यादव—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सीतामढ़ी से भिट्ठामोड़ एन०एच०77 सड़क पर कुम्मा में दो स्क्रू पाईल पुल 2 वर्षों से टूटा हुआ है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पुल को बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

दोषी पर कार्रवाई

*354. डॉ० अच्युतानन्द--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 14 जनवरी, 2012 के अंक में छपी खबर "अब भी घूम रहा अलकतरा घोटाले का भूत" के आलोक में क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि 1990-97 में अलकतरा घोटाले में पथ निर्माण विभाग के हाजीपुर, मुजफ्फरपुर 2, छपरा, पटना सिटी सहित 15 डिविजनों के संलिप्त अभियंताओं के स्पष्टीकरण पर संबंधित कार्यपालक अभियंताओं से मंतव्य मांगा गया था जो 10 वर्षों के बाद भी प्राप्त नहीं हुआ है, यदि हां, तो सरकार दोषी अभियंताओं एवं कार्यपालक अभियंताओं के विरुद्ध अबतक कौन-सी कार्रवाई की गई है और नहीं, तो क्यों ?

----------

पथ का निर्माण

*355. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के आजमनगर प्रखण्ड के शालमारी पंचायत के अन्तर्गत महिला गाँव महानंदा बांध की सड़क होते हुए झौआ पुल तक 6 कि०मी० की सड़क का निर्माण नहीं होने से आजमनगर, बारसोई, बलरामपुर तथा कदवा प्रखण्ड के करीब 2 लाख जनता को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन की मरम्मती

*356. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत सिकरहना अनुमंडल मुख्यालय ढाका में एकमात्र दो कमरों का निरीक्षण भवन विगत् आठ वर्षों से जीर्ण-शीर्ण अवस्था में रहने एवं चहारदीवारी नहीं रहने के कारण विशिष्ट अतिथियों को ठहरने आदि में काफी असुविधा हो रही है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त निरीक्षण भवन की मरम्मती का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

----------

सिंचाई सुविधा देना

*357. डॉ० अब्दुल गफुर--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत कहरा उप-वितरणी एवं रूपनगर उप-वितरणी वर्ष 1985 में ही बनकर तैयार हो गया है परन्तु निर्माण के बाद से अबतक पानी नहीं दिया गया, जिस कारण किसानों को मिलने वाला सिंचाई की सुविधा अबतक नहीं मिल सकी है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त दोनों नहरों में पानी देना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

दोषी पर कार्रवाई

*358. श्री कृष्ण कुमार ऋषि--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 19 जनवरी, 2011 को प्रकाशित ''इंदिरा आवास की जाँच में धांधली उजागर'' शीर्षक को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला के बड़हरा कोठी प्रखण्ड में इंदिरा आवास के आवंटन में काफी धांधली की गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला पदाधिकारी, पूर्णियां ने अपने पत्रांक 3334/सी, दिनांक 28 दिसम्बर, 2010 के द्वारा इसकी जाँच करने हेतु बी०डी०ओ०, बड़हरा को दिया है तथा बी०डी०ओ०, बड़हरा ने अपने पत्रांक 55, दिनांक 6 जनवरी, 2011 के द्वारा श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, बड़हरा को जाँचकर प्रतिवेदन देने का निदेश दिया है;

(3) क्या यह बात सही है कि श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, बड़हरा ने अपने जांच प्रतिवेदन में आवंटन में हुई धांधली को सही पाया, लेकिन आजतक किसी पर कार्रवाई नहीं हो सकी है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दोषी धांधली करनेवाले पदाधिकारी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

कार्यालय का स्थानान्तरण

*359. श्री गोपालजी ठाकुर--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लघु सिंचाई प्रमण्डल, दरभंगा का कार्यालय समस्तीपुर में है;

(2) क्या यह बात सही है कि लघु सिंचाई अंचल, दरभंगा का कार्यालय दरभंगा में रहने के कारण कार्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है;

(3) क्या यह बात सही है कि लघु सिंचाई प्रमण्डल, दरभंगा का कार्यालय 8 वर्ष पूर्व तक दरभंगा में था;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार लघु सिंचाई प्रमण्डल कार्यालय को समस्तीपुर से दरभंगा लाने का विचार रखती है ?

----------

कटाव निरोधक कार्य करना

*360. श्री नौशाद आलम--क्या मंत्री, जल संसाधन विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के ठाकुरगंज प्रखण्डान्तर्गत विभिन्न नदियों द्वारा सीमलबाड़ी, भनकरद्वारी, चैगाघाट, बैगनबाड़ी, बैंगडोगरा, तातपौआ, भौलमारा, करवामुनी, धुमनी समसान घाट, अंदरगुड़ी इत्यादि स्थानों पर भीषण कटाव से सैकड़ों एकड़ उर्वर भूमि नष्ट होती है तथा ग्रामीणों को विस्थापन का कष्ट उठाना पड़ता है, यदि हां, तो क्या सरकार उपरोक्त सथानों पर बांध एवं कटाव निरोध क कार्य कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

----------

कार्य पूर्ण कराना

*361. श्री हरि नारायण सिंह--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत चण्डी प्रखण्ड के राम किशुन भीम लाल बालिका 10+2 में उत्क्रमित उच्च विद्यालय है, जिसके भवन निर्माण, पेयजल आपूर्ति एवं शौचालय, स्नानगार सहित की व्यवस्था करने हेतु वर्ष 2007-08 में 69 लाख रुपये आवंटित किए गए थे;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त आवंटित राशि से मात्र भवन निर्माण कार्य, भवन निर्माण प्रमण्डल, बिहारशरीफ द्वारा कराया गया है तथा पेयजल आपूर्त्ति एवं शौचालय की व्यवस्था हेतु अभी भी उक्त मद में 2,93,953 रुपये पडे हुए हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार विद्यालय से संबंधित लंबित कार्य को पूरा कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पुल बनाना

*362. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के आजमनगर प्रखण्ड के अधीन आजमनगर से रोहिया के बीच महानंदा नदी पर पुल नहीं रहने के कारण आजमनगर, कदवा, बारसोई तथा बलरामपुर प्रखण्ड सहित बिहार तथा बंगला के 3 लाख लोगों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त नदी पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का जीर्णोद्धार

*363. श्री सतीश चन्द्र दुबे--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिले का बेतिया-चनपटिया-नरकटियागंज मुख्य मार्ग नेपाल सीमा से जुड़े होने से अत्यंत महत्वपूर्ण मार्ग है, जिसकी स्थिति काफी जर्जर होने के कारण आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त मुख्य पथ का जीर्णोद्धार कराना चाहती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

स्लूईस गेट का निर्माण

*364. श्री मोती लाल प्रसाद--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के रीगा प्रखण्ड स्थित बुलाकीपुर में बागमती नदी के पुराना धार (मुनुषमारा) में कोई स्लूईस गेट नहीं है, जिससे सिंचाई में कठिनाई हो रही है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर नया स्लूईस गेट लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन की मरम्मती

*365. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के उजियारपुर प्रखण्ड का प्रखण्ड भवन जर्जर स्थिति में है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्ड भवन की मरम्मती कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कैनाल की मरम्मती

*366. श्रीमती उषा विद्यार्थी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत पालीगंज विधान-सभा में सोन कैनाल वितरणी संख्या 09 एवं 10 की सफाई एवं मरम्मती कार्य विगत्

दस वर्षों से नहीं किया गया है जिससे वर्णित वितरणी संख्या 09-10 से अच्छी सिंचाई नहीं हो पाती है, यदि हां, तो क्या सरकार सोन कैनाल वितरणी संख्या 09 एवं 10 का मरम्मती एवं सफाई करवाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क पूर्ण कराना

*367. श्री जवाहर प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के सासाराम प्रखण्ड के मोकर पंचायत के अगरेर गाँव से झलखोरिया गाँव तक लगभग 2700 मीटर सड़क मार्ग का निर्माण कार्य सन् 2006-07 में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से प्रारम्भ हुआ था, जिसे संवेदक द्वारा अधूरा छोड़ दिया गया है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क को पूर्ण कराने पर विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

दोषी पर कार्रवाई

*368. श्री शशि भूषण हजारी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कमला बलान तटबंध बाढ़ नियंत्रण प्रमण्डल झंझारपुर सं० 1 तथा 2 के अधीन तटबंध के विस्तारीकरण कार्य योजना की टीकेदारी हरियाणा की जीस्को इंफ्रास्ट्रक्चर कम्पनी को दी गई है, जिसने स्वयं योजना क्रियान्वित नहीं कर कार्य का जिम्मा एक पेटी कॉन्ट्रेक्टर को दे दिया है;

(2) क्या यह बात सही है कि तटबंध विस्तारीकरण कार्य में तटबंध के बगल से ही मिट्टी काटी गई है, जबकि ठीकेदार को मिट्टी ढुलाई (कैरेज) का भुगतान किया गया है;

(3) क्या यह बात सही है कि प्राक्कलन के विपरित बगैर रॉलिंग कम्पलेक्शन किये तटबंध पर ईंट सोलिंग पाँच ईंच के बदले चार ईंच किया गया है, जिससे तटबंध का टॉप क्षतिग्रस्त हो गया है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दोषी अभियंता और ठीकेदार के खिलाफ कार्रवाई करना चाहती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कटाव से बचाव

*369. श्री आनन्दी प्रसाद यादव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के सिकटी प्रखण्ड अंतर्गत नूना नदी से सैदपोखर गाँव का महादेव यादव टोला एवं महादलित टोला तथा ग्राम सिधिया तीरा एवं नेमुआ पीपरा कटाव के कगार पर है, यदि हां, तो सरकार नूना नदी के कटाव से उक्त गाँव तथा टोले को बचाने के लिए कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जाँच कराना

* 370. श्री गिरधारी यादव-- क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के फुलवारीशरीफ प्रखंड अन्तर्गत बाईपास के दक्षिण खेमनीचक के सुभाषनगर में मुख्य मंत्री नगर विकास योजना के तहत् ग्रमीण कार्य प्रमंडल 2 द्वारा नाला एवं पी०सी०सी० सड़क निर्माण का कार्य नवम्बर, 2010 में कराया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि सुभाष नगर में श्री मञ्जु राय के मकान से श्री सुरेन्द्र शर्मा के मकान तक प्राक्कलन में पी०सी०सी० ढलाई एवं ह्यूम पाईप नाला के प्रावधान के बावजूद 400 फीट में ह्यूम पाईप बिछा कर बिना पी०सी०सी० ढलाई किये सम्पूर्ण राशि की निकासी नवम्बर, 2010 में कर ली गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिना काम कराये भुगतान लिये जाने की जाँच कराने, उसकी गुणवत्ता की जाँच कराने के साथ मञ्जु राय के मकान से श्री सुरेन्द्र शर्मा के मकान तक पी०सी०सी० कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सुरक्षा बांध का निर्माण

* 371. श्रीमती गुलजार देवी-- क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत मधेपुर प्रखंड के आठ पंचायत क्रमशः 1. करहारा 2. डारह 3. बसीपट्टी 4. गाढ़गाँव 5. महपतिया 6. द्वालख 7. बकुआ 8. भरगामा कोशी नदी के प्रभाव के कारण अमानवीय जीवन जीने को विवश है;

(2) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला अन्तर्गत कोशी सुरक्षा बांध बनाया जा रहा है, जो मंगासिहौल (गनौरा) तक आकर रूका हुआ है, जिससे उक्त आठों पंचायतों के ग्रामीण भयभीत हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वर्णित कोशी सुरक्षा बांध को वर्तमान जगह से आठो पंचायत तक विस्तारित करने हेतु कौन-सी कार्रवाई करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सेवा विस्तार करना

* 372. श्रीमती उषा विद्यार्थी-- क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि ग्राम कचहरी कार्यों को सुचारू रूप से संचालन करने हेतु न्यायमित्र पद का सृजन सरकार द्वारा किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि नये सत्र में सरपंच चुनाव एवं ग्राम कचहरी गठित हो चुकी है, लेकिन न्यायमित्रों का सेवा विस्तार नहीं किया गया है, जिसके कारण ग्राम कचहरी का कार्य बंद है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार न्यायमित्रों का सेवा विस्तार किये जाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्थायी समाधान

*373. श्री विनय बिहारी-- क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिला को योगापट्टी प्रखंड अन्तर्गत भवानीपुर, गोलाघाट डुमरी, सीसवा मंगलपुर, चौमुखा, फतेपुर, खुटवनिया जरलपुर, बलुआ भवानीपुर पीपरहीया, नवलपुरूदाढ़वा पंचायतों की लाखों आबादी गंडक नदी के कटाव से विस्थापित हो गये हैं, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त आबादी के बचाव हेतु स्थायी समाधान करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

## सड़क का पक्कीकरण

* 374. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह-- क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत केसरिया प्रखंड के रामपुर खजुरिया के चम्पारण तटबंध से तुनिया टोली होते हुए एन०एच० 28 तक सड़क काफी जर्जर है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क ढ़ाई कि०मी० लम्बी है तथा 3 हजार आबादी का मुख्य सड़क है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क को पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

## अतिथि गृह का निर्माण

* 375. श्री गोपालजी ठाकुर-- क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अन्तर्गत बहेड़ी प्रखंड मुख्यालय में किसी भी विभाग का अतिथि गृह नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि बहेड़ी प्रखंड मुख्यालय दरभंगा एवं समस्तीपुर जिला के सीमा पर है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड मुख्यालय में एक अतिथि गृह निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

## ट्यूबवेल चालू कराना

* 376. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन-- क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत प्रखंड समस्तीपुर के पंचायत लगनिया रघुकण्ठ में अवस्थित स्टेट ट्यूबवेल पिछले पाँच वर्षों से बंद पड़े हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्टेट ट्यूबवेल के बंद रहने से किसानों को सिंचाई कार्य में बाधा उत्पन्न होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बंद पड़े स्टेट ट्यूबवेल को चालू कराना चाहती है,यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

## जल-जमाव से मुक्ति

*377. श्री राम प्रवेश राय-- क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के मांझा प्रखंड अन्तर्गत ग्राम अहिरवलिया, सनाह और टरवां गाँवों के बीच में दो सौ एकड़ खेती योग्य भूमि है, जो जल-जमाव से ग्रस्त है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त जल-जमाव दूर करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*378. श्रीमती अमला देवी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत त्रिवेणीगंज प्रखण्ड के हरिहर पट्टी से पश्चिम एवं गोनहा से पूरब कसहा नदी पर पुल नहीं होने के कारण आम जनताओं को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पुल बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

कटाव निरोधक कार्य कराना

*379. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखण्ड अंतर्गत कमरूद्दीन टोला, बंकुटोला के श्रीरामपुर बांध पर, लखीटोला के माथा पर कटाव से उपर्युक्त गाँव गंगा में विलीन हो रही है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर कटाव निरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

----------

पईन की सफाई

*380. श्री कृष्णनन्दन यादव--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के मोहड़ा प्रखण्डान्तर्गत कजूरैन पईन में मिट्टी भरा हुआ है जिससे सिंचाई का लाभ किसानों को नहीं मिल रहा है, यदि हां, तो क्या सरकार मोहड़ा प्रखण्ड के कजूरैन पईन की सफाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

कटाव से बचाव

*381. श्री विभाष चन्द्र चौधरी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अंतर्गत समेली प्रखण्ड के समदा संथाली गाँव, मध्य विद्यालय, मोहजान, धोहार, संथाली टोला, बधौरा, मोहजान, डोलंगी ग्राम एवं मोहजान संथाली टोला बरंडी नदी की धारा से कट गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि मोहजान एवं बधौरा गाँव के किसानों की पचासों एकड़ जमीन सहित दो स्टेट ट्यूबवेल भी कट कर नदी में विलीन हो चुका है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कटाव को रोकने हेतु कटाव निरोधक (स्पर) का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

जाँच कराना

*382. श्री विक्रम कुँवर--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिला में इरकॉन कंपनी द्वारा रघुनाथपुर विधान-सभा क्षेत्र में 2004-05 से शाहपुर-पियाउर पथ सहित 16 पथों का निर्माण कराया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि यह कार्य प्राक्कलन के अनुरूप नहीं करा करके घटिया एवं निम्नस्तरीय कराया जा रहा है;

(3) क्या यह बात सही है कि इरकॉन कम्पनी स्वयं नहीं करा करके स्थानीय संवेदकों को देकर पेटी कन्टेक्ट पर कार्य करा रही है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर इसपर कार्रवाई कराना चाहती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

कार्य पूर्ण करना

*383. श्री आलोक रंजन--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला मुख्यालय में वर्ष 2007-08 में तिवारी टोला से रिफ्यूजी कॉलोनी तक बाईपास सड़क निर्माण का कार्य शुरू होने के पश्चात आजतक अधूरा रहने के कारण जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे आम यात्रियों को घोर कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त अधूरे कार्य को पूर्ण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

सिंचाई की सुविधा

*384. श्री भूपेन्द्र नारायण सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के भगवानपुर प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम चौराली में गंडक योजना की पीपरा वितरणी नहर के 3 आर0डी0 पर नहर के पूर्वी ब्रांच आउटलेट से 2000 मीटर पक्का नाला का निर्माण किया गया है एवं मछागरा उप-वितरणी नहर के एक आर0डी0 पर नहर के दक्षिण हिरा गिरि के मकान के नजदीक से 1000 मीटर पक्का नाला वर्ष 1978 में सिंचाई हेतु बना है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नाला जर्जर हो गयी है, जिससे सिंचाई करने में पानी नाला के अंतिम छोड़ तक नहीं जाकर बीच में गिर जाता है, जिससे फसल को नुकसान पहुँचता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जर्जर नाला का पुनर्निर्माण कराकर सिंचाई व्यवस्था सुचारू रूप से कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक ?

----------

पुल का निर्माण

*385. श्री पदम पराग राय वेणु--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिले के फारबिसगंज प्रखण्ड के घोड़ाघाट के सरस्वती मंदिर के पास से चिकनी-फकीरना जाने वाली ग्रामीण पथ के परमान नदी पर पुल नहीं रहने के कारण आवाजाही बंद है, यदि हां, तो क्या सरकार कबतक परमान नदी के नाव घाट पर आर0सी0सी0 पुल का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़कों का निर्माण

*386. श्रीमती वीणा देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के कटरा प्रखण्ड के दरजा चौक से गुजर सिंह डेरा होते हुए दहिला सामान तक, कटरा रन से कटरा ब्रह्मस्थान होते हुए थाना चौक तक, प्रसामवाड़ी से शिवदासपुर तक, धनौर सती स्थान से उत्तर से गोविन्द सिंह के मकान होते हुए मणिभूषण सिंह के मकान तक की सड़क जर्जर अवस्था में है, जिससे आवगमन बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़कों का निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

चहारदीवारी का निर्माण

*387. श्री राम सुरत राय--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत औराई एवं कटरा प्रखण्ड मुख्यालय का परिसर चहारदीवारी नहीं रहने से पूर्ण रूप से असुरक्षित है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्ड मुख्यालय के परिसर को सुरक्षित रखने हेतु चहारदीवारी का निर्माण कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

स्लुईस गेट का निर्माण

*388. श्री चितरंजन कुमार--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिला के सदर प्रखण्ड के कदम विगहा में नाला पर स्लुईस गेट का निर्माण नहीं होने से आम नागरिकों को परेशानी होती है तथा नाला का पानी न रोक पाने से इलाके के खेती को पानी मिलना दुष्कर है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार कदम विगहा के नाला पर स्लुईस गेट का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल का निर्माण

*389. श्री हरि नारायण सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत चण्डी प्रखण्ड के सरथा पंचायत के सरथा ग्राम के पश्चिम लिवड़ाहा खंधा के उत्तर मुहाने नदी पर सिंचाई सुविधा हेतु एक पुल था, जो विगत वर्ष 2005 से जर्जर है, यदि हां, तो सरकार उक्त जर्जर पुल के स्थान पर नये पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पक्की नाला का निर्माण

*390. श्री अवधेश कुमार राय--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के दहिया भगवानपुर चौर में 5000 एकड़ में जल-जमाव के कारण सालोंभर किसान की खेती नहीं हो पाती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त चौर में पक्की नाला का निर्माण करना चाहती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का जीर्णोद्धार

*391. श्री दिनकर राम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत सोनवर्षा प्रखण्ड के कन्हौली बाजार से भुतही, लोहखर चौक से परिहार होकर समसी कनमा तक की सड़क जर्जर स्थिति में है, जिसके कारण आवागमन बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ का जीर्णोद्धार करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कटाव रोकना

*392. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखण्ड अन्तर्गत दिल्ली दिवानगंज गाँव महानंदा नदी के किनारे बसा है, जहाँ प्रत्येक वर्ष कटाव के कारण बाढ़ की विभीषका लोगों को झेलनी पड़ती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त गाँव को बाढ़ से बचाने के लिए कटाव निरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

---------

प्रशिक्षण केन्द्र खोलना

*393. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखण्ड में आई०टी०आई० महाविद्यालय नहीं है जिससे छात्रों को टेक्निकल शिक्षण लेने में काफी कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार रून्नीसैदपुर प्रखण्ड में आई०टी०आई० महाविद्यालय खोलने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) आंशिक रूप से स्वीकारात्मक । वस्तुस्थिति यह है कि सीतामढ़ी जिला में एक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सीतामढ़ी में स्थापित है, जिसमें छात्र/छात्राओं को तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाता है ।

(2) सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखण्ड में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सम्प्रति विचाराधीन नहीं है ।

ट्यूबवेल चालू करना

* 394. श्री राम नरेश यादव-- क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखंड एवं सोनबरसा प्रखंड में चार दर्जन स्टेट ट्यूबवेल गाड़ा गया है , परन्तु उक्त ट्यूबवेल बिजली एवं जेनरेटर के अभाव में चालू नहीं हो पाया है जिससे किसानों को कोई लाभ नहीं मिल रहा है, यदि हां, तो क्या सरकार बिजली एवं जेनरेटर की व्यवस्था कर ट्यूबवेल चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अभियंता का पदस्थापन

* 395. श्रीमती उषा सिन्हा-- क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लघु सिंचाई प्रमंडल, नालंदा में जूनियर इंजीनियर के ग्यारह (11) पद स्वीकृत हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि ग्यारह स्वीकृत पदों के विरुद्ध मात्र दो ही जूनियर इंजीनियर कार्यरत हैं, जिससे कार्य बाधित हो रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार लघु सिंचाई प्रमंडल, नालंदा में जूनियर इंजीनियर का पदस्थापन करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

दोषियों पर कार्रवाई

* 396. श्री शिवजी राय-- क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत पकड़ीदयाल अनुमंडल के भवन का निर्माण वर्ष 2009 में किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि भवन निर्माण में घटिया सामग्री लगाने के कारण जगह-जगह पर भवन में दरार पड़ गई है;

(3) क्या यह बात सही है कि इस संदर्भ में प्रश्नकर्त्ता द्वारा पत्र के माध्यम से दिनांक 10 अगस्त, 2010 को जिला के वरीय पदाधिकारी को सूचित करने के बावजूद भी अबतक कार्रवाई नहीं की गई है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क बनाना

* 397. श्री मंजीत कुमार सिंह-- क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के सिधवलिया प्रखंड के कटेया टोला से काशी-टेंगराही जाने वाली पथ प्रधान मंत्री सड़क योजना के तहत कार्य मेसर्स समन्द्री कन्सट्रक्शन, बंधौली, बनौरा, दिघवादुबौली, बैकुण्ठपुर, गोपालगंज पैकेज नं० बी०आर०-बी०आर० 51 द्वारा कराया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि कटेया टोला से काशी-टेंगराही पथ की लम्बाई 7.33 कि०मी० तथा लागत खर्च 4,15,035,600 रु० की राशि स्वीकृत है;

(3) क्या यह बात सही है कि मेसर्स समन्द्री कन्सट्रक्शन, बंधौली, बनौरा, दिघवादुबौली, बैकुण्ठपुर, गोपालगंज के द्वारा कटेया टोला से कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, जिससे कटेया टोला सड़क से वंचित है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कटेया टोला में सड़क बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

बांध का निर्माण

*398. श्री नरेन्द्र कुमार पाण्डेय-- क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के तरारी प्रखंड अन्तर्गत ग्राम सिकरहटा में पहले जमींदारी बांध विगत दस वर्षों से जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त जमींदारी बांध का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*399. मो० तौसीफ आलम-- क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के बहादुरगंज विधान-सभा क्षेत्र अन्तर्गत ढोलमनी धार में कई वर्ष पूर्व ही पुल के धंस जाने से यहां के करीब आठ पंचायत इससे प्रभावित है;

(2) क्या यह बात सही है कि धार के दोनों ओर प्रधान मंत्री सड़क बनकर तैयार है, लेकिन धार में अभीतक पुल ध्वस्त रहने के कारण आम जनता को कठिनाइयाँ हो रही हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त धार में पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कैनाल की सफाई

*400. श्री विनोद प्रसाद यादव-- क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत अपर मोरहर कैनाल से सिंचाई कार्य की जाती है जिसकी सफाई काफी दिनों से नहीं हुई है जिससे किसानों को सिंचाई कार्य में काफी कठिनाई होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नहर का तटबंध काफी कमजोर है जो बरसात के दिनों में बराबर टूटते रहता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अपर मोरहर कैनाल के सफाई एवं किनारों का पक्कीकरण करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*401. श्री कुमार शैलेन्द्र---क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के बिहपुर प्रखंड अन्तर्गत एन०एच० 31 मड़वा से जमालपुर तक जयरामपुर से जयरामपुर बांध तक एन०एच० 31 सहुरी से जयरामपुर तक अरसण्डी ढ़ाला से मीराचक तक बभनगामा म०वि० से रोड नं० 14 अमरपुर तक आर०ई०ओ० रोड से रामनगर सोनवर्षा तक प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत बनाने वाली सड़क पर संवेदक द्वारा एक वर्ष पूर्व ही मिट्टी देकर छोड़ दिया गया है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

योजनाओं का क्रियान्वयन

*402. श्री सुबोध राय--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत सुलतानगंज प्रखण्ड के करहरिया में गहिरा नदी पर वियर निर्माण एवं बडुआ नदी पर ग्राम बाधु और रसीदपुर में वियर निर्माण की योजनाएं विगत तीन वर्षों से लंबित है, जिसे परिणामस्वरूप पन्द्रह हजार एकड़ से अधिक कृषि क्षेत्र सिंचाई से वंचित है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त योजनाओं का क्रियान्वयन कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का पक्कीकरण

*403. श्री चन्द्रशेखर--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के मधेपुरा प्रखण्ड के सुखासन चौक से महादलित टोला मैनी रही एवं मदनपुर होते हुए सुखासन गांव के ''नमक सत्याग्रह'' स्थान तक जाने वाली सड़क कच्ची है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क के कच्ची रहने के कारण बरसात में बीमार लोगों को अस्पताल जाने, छात्र-छात्राओं के स्कूल एवं कॉलेज जाने तथा आमजनों को प्रखण्ड मुख्यालय, बैंक, थाना एवं जिला मुख्यालय आदि जाने में काफी कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कच्ची सड़क को पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

पथों की मरम्मती

*404. श्रीमती बीमा भारती--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला के रूपौली विधान-सभा क्षेत्र अन्तर्गत उप-स्वास्थ्य केन्द्र, भवानीपुर से बजरंगवली चौक एवं बी० कोठी से औरलाहा ग्राम तक आर०ई०ओ० पथ जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है;

(2) क्या यह बात सही है कि दोनों पथों का विगत दस वर्षों से मरम्मती कार्य नहीं हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दोनों पथों की मरम्मती कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का कालीकरण

*405. श्री सुरेन्द्र मेहता--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बेगूसराय प्रखण्ड के रजोड़ा ग्राम पी०डब्लू०डी० सड़क दुर्गा स्थान से रजौड़ा ग्राम तक की सड़क में कालीकरण नहीं हुआ है, यदि हां, तो सरकार उक्त सड़क को कालीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का जीर्णोद्धार

*406. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत पकरीवरावां-जमुई पथ के आढ़ा मोड़ से शेखपुरा पथ दो जिला को जोड़ने वाली काफी महत्वपूर्ण पथ है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ में आढ़ा मोड़ से धमौल तक स्थिति काफी जर्जर है, जिससे वाहनों के आवागमन पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ को आढ़ा से धमौल तक जीर्णोद्धार कराने विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

वियर का निर्माण

*407. श्री जनार्दन मांझी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत शम्भूगंज प्रखण्ड के ग्राम चकरतनी के पास बडुआ नदी में वियर नहीं रहने से किसान के जमीन की सिंचाई नहीं हो पाती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त ग्राम में वियर बनाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का जीर्णोद्धार

*408. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिले के बेलसंड प्रखण्ड का प्रखण्ड विकास पदा० का निवास स्थान जर्जर रहने के कारण प्रखण्ड विकास पदा०, बेलसंड पशु चिकित्सालय भवन में लगभग दो वर्षों से रह रहे हैं, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त भवन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

वितरणी का जीर्णोद्धार

*409. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के काराकाट प्रखण्ड अन्तर्गत सकला वितरणी काफी जर्जर स्थिति में हो जाने के कारण किसानों को सिंचाई में काफी असुविधा होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा सितम्बर, 2011 में स्थानीय पदाधिकारियों से शिकायत किये जाने के बावजूद भी अभीतक कोई कार्रवाई नहीं हुई है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वितरणी का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*410. श्री वैद्यनाथ सहनी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत मोरवा प्रखण्ड के ग्राम पंचायत चकपहाड़ प्रधान मंत्री सड़क से पश्चिम जाने पाली पथ गिरी टोला होते हुए चक सिकन्दर के मारीपुर ग्राम तक पथ की हालत अत्यंत ही जर्जर है, जिससे बरसात के दिनों में पानी जमा हो जाने के कारण आवागमन बाधित हो जाता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क को जोड़ना

*411. श्री शिवेश कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला अन्तर्गत गड़हनी प्रखण्ड के पथार गाँव को आजतक मुख्य सड़क से नहीं जोड़ा गया है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त गाँव को मुख्य सड़क से जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

नलकूपों को चालू करना

*412. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला के लखीसराय विधान-सभा अन्तर्गत लखीसराय प्रखण्ड के अमहरा प्रचायत में 6, मोरमा पंचायत में 6 एवं बेलौरी पंचायत में 3 एवं बड़हिया प्रखण्ड, रामगढ़ प्रखण्ड एवं हलसी प्रखण्डों में नलकूप लगे हुए थे, जो एक भी चालू स्थिति में नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार उपरोक्त सभी प्रखण्डों में कबतक नलकूपों को ठीक कराकर चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का पक्कीकरण

*413. श्री सत्यदेव सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत सोनभद्र वंशी सूर्यपुर प्रखण्ड के ग्राम माली से एकरौजा होते हुए पुनपुन उपहारा तक, करपी-वंशी मुख्य पथ से माली वंशी पथ तक, ग्राम रामगढ़ से कलबलिया बिगहा होते हुए खड़ासीन तक, करपी-मखपीलपुर मुख्य पथ से करपी-वंशी मुख्य पथ तक, करपी-कुसरे मुख्य पथ से पुरवारी मठिया प्राथमिक विद्यालय तक, ग्राम बखौरी बिगहा से बटन बिगहा तक तथा ग्राम माली पथ से सोनभद्र मठिया होते हुए पुनपुन नदी तक पक्की सड़क का निर्माण नहीं हुआ है, यदि हां, तो क्या सरकार उपरोक्त ग्रामों में पक्की सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथों का निर्माण

*414. श्री तार किशोर प्रसाद--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 30 जनवरी, 2012 को प्रकाशित ''बिगड़ी एन०एच० की सूरत'' के आलोक में क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य स्थित 1800 कि०मी० राष्ट्रीय उच्च पथ की हालत जर्जर है;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार ने राष्ट्रीय उच्च पथ के निर्माण एवं मरम्मत हेतु 1061 करोड़ रुपये का प्रस्ताव केन्द्र को भेजा है, लेकिन विगत् 10 महीनों से केन्द्र से राशि प्राप्त नहीं हुई है;

(3) अगर उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जर्जर राष्ट्रीय उच्च पथों को निर्माण एवं मरम्मत कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

फाटक का निर्माण

*415. श्री गिरिधारी यादव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत फुलीडुमर डैम का फाटक (गेट) टूटा रहने के कारण पानी चेनेल में नहीं पहुँच पाता है, जिसके फलस्वरूप खेतों का पटवन नहीं हो पा रहा है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त टूटे फाटक को बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल बनाना

*416. श्री मो० आफाक आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियां कसबा प्रखण्ड के कॉलेज चौक एन०एच० 57 से अमोर प्रखण्ड को जोड़ने वाली सड़क पर स्क्रूपाईल पुल विगत् 5 वर्षों से जर्जर की अवस्था में है, जिससे आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल का निर्माण

*417. श्री राज कुमार राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के हसनपुर प्रखण्ड स्थित सड़क सं० 81 प्रधान मंत्री सड़क योजना से बन चुका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत हसनपुर प्रखण्ड के गोठा चौक पर पुल जर्जर है तथा मेदो चौक एवं सखवा के बीच सड़क पुल नहीं है, जिसके कारण हसनपुर प्रखण्ड के पथ सं० 81, गढ़पुरा से सखवा पथ का सम्पर्क नहीं हो सका है जिससे लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*418. श्री सतीश चन्द्र दुबे--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला के नरकटियागंज प्रखण्ड के ग्राम चिंतावनपुर से सिसई जाने वाली सड़क में खाहड़ नदी पर बने पुराने पुल की स्थिति जर्जर है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

पथ का जीर्णोद्धार

*419. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नवीनगर प्रखण्ड में नवीनगर से टंडवा रोड नवीनगर से सिंचाई कोलनी तक सड़क जर्जर है, जिससे आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त जर्जर पथ का जीर्णोद्धार कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

पथ का निर्माण

*420. श्री ललन राम--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद के एन0 एच0 139 मुख्य पथ अम्बा से देव जाने वाली पथ काफी जर्जर स्थिति में है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त जर्जर पथ को बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

सड़क पूरा करना

*421. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत फुलपरास से घोघरडीहा प्रखण्ड स्थित गोरगामा से परसा रेलवे हॉल्ट पथ वर्ष 2006 में न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम मद से शुरू हुआ परन्तु बीच में ही संवेदक कार्य छोड़कर भाग गये जिस कारण सड़क अधूरा रह गया एवं सड़क निर्माण नहीं होने से आमजनों को काफी परेशानी होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

योजना का कार्यान्वयन

*422. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गंडक योजनान्तर्गत सारण मुख्य नहर के दाहिने तरफ अवस्थित सेवा पथ पर कालीकरण सड़क का निर्माण एशियन डेवलपमेंट बैंक के तरफ से कराने की योजना स्वीकृत है;

(2) क्या यह बात सही है कि योजना के कार्यान्वयन हेतु एशियन डेवलपमेंट बैंक द्वारा दो साल पहले ही प्रथम किस्त की ऋण राशि मो0 143 करोड़ रु0 आवंटित एवं विभाग को विमुक्त की जा चुकी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त योजना का कार्यान्वयन कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

कार्य पूर्ण कराना

*423. श्रीमती उषा सिन्हा--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिले के कराय-परशुराय प्रखण्ड अंतर्गत अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र का भवन वर्ष 2005 से ही निर्माणाधीन है;

(2) क्या यह बात सही है कि भवन के अभाव में स्वास्थ्य सेवाएँ प्रभावित हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त भवन के अधूरे कार्यों को पूरा कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

पथ पूरा करना

*424. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला के अंतर्गत एन0एच0 80 गंगासराय से गिरधरपुर तक सड़क प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्माण कार्य वर्ष 2002 में प्रारंभ हुआ था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क विगत दो वर्षों से अधूरा पड़ा है जिससे टाल क्षेत्र के लगभग 25,000 से अधिक लोगों को आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अधूरे पथ को पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

नहर की खोदाई

*425. श्रीमती रंजु गीता--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बोखड़ा प्रखण्ड स्थित बोखड़ा चौड़ से सतेढ़, बकोरी, मुसहर होते हुए केराजन तक एवं सतेढ़ कुम्हरा चौड़ से कोढ़िया तक जल-जमाव रहने के कारण हजारों एकड़ जमीन पानी में डूबा रहता है, जिससे कृषि कार्य बाधित रहता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त चौड़ से जल-जमाव की निकासी करने एवं क्षतिग्रस्त नहर की खुदाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

* 426. श्री रतनेश सादा--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के पतरघट प्रखण्ड पहाड़पुर में डेफरा नदी में पुल नहीं रहने के कारण आम नागरिकों को एक पंचायत से दूसरे पंचायत में आने-जाने में काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार डेफरा नदी में चार स्पेन का पुल निर्माण कराकर आवागमन को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ की मरम्मती

* 427. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला अंतर्गत जी०टी० रोड से आमस प्रखण्ड के मंझौलिया और गुरूआ प्रखण्ड के पिपराही जाने वाला पथ ग्रामीण कार्य विभाग का है, जिसकी स्थिति काफी जर्जर है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

* 428. श्रीमती अमला देवी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत त्रिवेणीगंज प्रखण्ड के जदिया एस०एच०-76 मिलन चौक से लेकर मेहता टोला, म०वि० फुलकाहा एवं मुस्लिम टोला होते हुए एस०एच०-91 तक सड़क 10 वर्षों से जर्जर है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क बनवाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

* 429. श्रीमती बीमा भारती--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला के रूपौली विधान-सभा क्षेत्र में फलका ब्लॉक बोडर से विजय घाट तक पथ वर्ष-2004-05 में उत्क्रमित किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस पथ के श्रीपूर धार में आर०सी०सी० पुल निर्माण एवं पथ के शेष भाग में निर्माण कार्य नहीं किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थलों पर निर्माण करवाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

* 430. श्री विनय कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत प्रखण्ड सोनपुर के एन०एच०-19 से मकदुमपुर ग्राम होते हुए गुलरियाघाट तक सड़क प्रधानमंत्री सड़क योजना में वित्तीय वर्ष 2002-03 में स्वीकृत हुई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि योजना स्वीकृति एवं निविदा होने के बावजूद आजतक सड़क निर्माण अधूरा पड़ा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वीकृत सड़क का निर्माण पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कटाव से बचाव

*431. श्री छोटेलाल राय--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला अंतर्गत प्रखण्ड दरियापुर के ग्राम कोन्हवा, बेलहर एवं तुर्की में गंडक नदी से कटाव तेजी से हो रहा है, जिससे उक्त ग्रामवासी भयभीत है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर कटाव निरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क की मरम्मती

* 432. श्री राम लषण राम ''रमण''--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत राजनगर प्रखण्ड मुख्यालय से रामपट्टी जाने वाली मुख्य सड़क जिसकी दूरी 7 कि०मी० है, की हालत जर्जर है, यदि हां, तो सरकार कबतक उक्त सड़क की मरम्मती करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

लिफ्ट लगाना

* 433. श्रीमती नीता चौधरी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के सुल्तानगंज से मुंगेर जिला के अन्तर्गत बदुआ नदी की दूरी 50 कि०मी० है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सुल्तानगंज से गंगा नदी का पानी लिफ्ट इरिगेशन के द्वारा बदुआ नदी में नहीं लाने के कारण किसानों को सिंचाई की सुविधा से वंचित होना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त प्रश्नों के उत्तर सकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सुल्तानगंज से गंगा नदी का पानी लिफ्ट इरिगेशन के माध्यम से बदुआ नदी में लाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*434. श्री जय कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के दिनारा प्रखण्ड अन्तर्गत नटवार से सुरतापुर तक अठारह कि०मी० लम्बा पथ प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना अन्तर्गत निर्माण करने हेतु एन०बी०सी०सी० को तीन वर्ष पूर्व दिया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि समय बीत जाने के बाद भी अबतक सड़क निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपुर्यक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त एजेंसी पर कार्रवाई करते हुए पथ निर्माण कार्य पूरा कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*435. डॉ० अच्युतानंद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला अंतर्गत नौरंगपुर से जन्दाहा जाने वाली सड़क की स्थिति अत्यंत जर्जर होने से क्षेत्र की जनता को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार सड़क के निर्माण का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का चौड़ीकरण

*436. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा शहर में पथ निर्माण विभाग की सड़क एल०एन० मिश्रा पथ (दरभंगा टावर से दारू भट्ठी चौक तक) शहर के बीचों-बीच घनी आबादी होकर गुजरती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ का चौड़ीकरण नहीं होने के कारण दरभंगा शहर में यातायात जाम की समस्या बनी रहती है ;

(3) यदि उपुर्यक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार एल० एन० मिश्रा पथ का चौड़ीकरण कराकर यातायात जाम की समस्या से मुक्त कराना चाहती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

बोरिंग चालू करना

*437. श्री जवाहर प्रसाद--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के सासाराम प्रखण्ड के अमरी पंचायत के कर्मा स्टेट बोरिंग एवं नीमा स्थित स्टेट बोरिंग वर्ष 2007-08 से बंद पड़े हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों स्टेट बोरिंग के बंद होने के कारण 10 गाँवों के किसानों को पानी आपूर्ति बंद हो गई है ;

(3) यदि उपुर्यक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या राज्य सरकार उक्त दोनों स्टेट बोरिंग को चालू कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*438. श्री अरूण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बासोपट्टी प्रखण्ड मुख्यालय से जयनगर अनुमण्डल मुख्यालय को जोड़ने वाली भाया पंचरत्न घोड़बंकी, बरही, सड़क अत्यंत ही जर्जर अवस्था में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क की लम्बाई 15 कि०मी० है जिसमें दस कि०मी० कच्ची सड़क तथा शेष खड़ंजाकृत है तथा सड़क खराब रहने के कारण 50 हजार की आबादी का आवागमन प्रभावित हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण करवाना चाहती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

राशि का भुगतान

*439. श्री रामदेव महतो--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के उग्रनाथ एवं विदेश्वर उप-शाखा नहर में पड़ने वाले किसानों की भूमि के मुआवजा का भुगतान पच्चीस प्रतिशत बाकी है, जिसके कारण नहर निर्माण में बाधा हो रही है एवं किसानों को परेशानी हो रही है, यदि हां, तो क्या सरकार किसानों के बकाये राशि का भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बांध का ऊँचीकरण

*440. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत दरभंगा सदर प्रखण्ड के अन्तर्गत रतौली से बासदेवपुर सीमा तक जमींदार बांध का ऊँचीकरण नहीं होने के कारण हजारों एकड़ भूमि का फसल बाढ़ से नष्ट हो जाता है, यदि हां, तो क्या सरकार उपर्युक्त जमींदारी बांध का ऊँचीकरण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

आई०टी०आई० खोलना

*441. श्री श्यामदेव पासवान--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के फतेहपुर प्रखण्ड में आई०टी०आई० केन्द्र नहीं है, जिस कारण ग्रामीण क्षेत्रों के इच्छुक व्यक्ति खासकर महिलायें प्रशिक्षण से वंचित रह जाती है, यदि हां, तो क्या सरकार फतेहपुर प्रखण्डाधीन एक आई०टी०आई० केन्द्र खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*442. डॉ० फैयाज अहमद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बिस्फी प्रखण्ड के औंसी जीरोमाईल मुख्य सड़क से औंसी बीचला टोल-हनुमान नगर-नवरत्न टोल-भोजपण्डौल-सलमपुर-सिमरी-जफड़ा-अरेड़ मुख्य सड़क तक ग्रामीण सड़क काफी जर्जर स्थिति में है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

स्वीकृति देना

*443. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत नहर नवीकरण प्रमण्डल, ढ़ाका के तहत् लालबकेया वाया उभार बांध के 0 कि०मी० से 15.98 कि०मी० तक बांध के ऊँचीकरण/सुदृढ़ीकरण कार्य का डी०पी०आर० विभाग को विगत् 6 माह पूर्व समर्पित किया गया है, जिसपर आजतक कार्य की स्वीकृति विभाग द्वारा नहीं मिल पायी है, यदि हां, तो इसका क्या औचित्य है ?

----------

पुलिया की स्वीकृति

*444. श्री दिनकर राम--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बथनाहा विधान-सभा क्षेत्र को पथ निर्माण विभाग की मेजरगंज-ढ़ेंग सड़क जल जमाव के कारण प्रत्येक वर्ष टूट जाती है, जिससे आवागमन बाधित हो जाता है;

(2) क्या यह बात सही है कि पथ निर्माण प्रमण्डल, सीतामढ़ी द्वारा जल जमाव वाले अंशों को चिन्हित कर उक्त पथ में पुल-पुलिया का निर्माण कराने का प्रस्ताव विभाग को वर्ष 2009 में ही भेजा गया है, परन्तु स्वीकृति के अभाव में आजतक कार्य लंबित है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त पथ में पुल-पुलिया की स्वीकृति प्रदान करने का विचार रखती है ?

---------

नलकूप चालू कराना

*445. श्री अमरनाथ गामी--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत हायाघाट विधान-सभा क्षेत्र अन्तर्गत सभी नलकूप बंद है जिससे किसानों को कृषि हेतु वर्षा पर निर्भर रहना पड़ता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सभी बंद नलकूपों को चालू कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का अधिग्रहण

*446. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत काशीचक-सुभानपुर पथ, पथ निर्माण विभाग का एवं ओदपुरा-काशीचक पथ, हुडराही-पोक्सी पथ ग्रामीण कार्य विभाग का पथ है;

(2) क्या यह बात सही है कि काशीचक के सुभानपुर से चातर मोड़-धरनीविगहा होते पोक्सी, हुडराही मोड़ तक सड़क जोड़ देने से यह पथ दो प्रखण्डों को जोड़ने वाली मुख्य पथ हो जाएगी;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार काशीचक के सुभानपुर से चातर मोड़ होते हुए पोक्सी-हुडराही मोड़ तक 15 कि०मी० सड़क पथ निर्माण विभाग द्वारा अधिग्रहित कर निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

पुलिया का निर्माण

*447. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत काराकाट प्रखण्ड के बेनसागर गांव के समीप कांव नदी में वर्ष 2005 से पुल बनकर तैयार है;

(2) क्या यह बात सही है कि सम्पर्क पथ एक पुलिया के अभाव में बरना, राजपुर, भोपतपुर, डिहरी, संझौली आदि दर्जनों गांवों के ग्रामीणों सहित प्रशासनिक नियंत्रण में भी काफी कठिनाइयां होती है;

(3) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्त्ता सदस्य द्वारा अप्रैल 2011 में ही स्थानीय पदाधिकारियों से शिकायत की गयी, परन्तु अभीतक कोई कार्रवाई नहीं हुई;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गांव के समीप सम्पर्क पथ हेतु एक पुलिया का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

कार्य पूर्ण कराना

*448. श्री प्रमोद कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिले के मोतिहारी प्रखण्ड एवं पिपराकोठी प्रखण्ड अन्तर्गत इंदिरा आवास योजना अन्तर्गत 1 अप्रैल, 2005 से 31 जनवरी, 2012 तक लगभग 7 वर्षों में दस हजार इंदिरा आवास एवं विशेष आवास निर्माण हेतु राशि आवंटित हुई, परन्तु निर्माण कार्य अबतक अपूर्ण है, यदि हां, तो क्या सरकार खण्ड (1) में वर्णित वित्तीय वर्ष अनुसार उक्त आवास का कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

पथ का निर्माण

*449. श्री अशोक कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के रफीगंज प्रखण्ड अन्तर्गत रफीगंज-शिवगंज पथ में कियाखाप नहर के धरहारा ग्राम से ढोसिला, साहोकला, बदरपुर, कुमहैनी होते सिमलापाक तक जाने वाली एक मात्र पथ की स्थिति अति जर्जर है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ के निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

चहारदीवारी का निर्माण

*450. श्रीमती गुड्डी देवी-- क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखंड के प्रखंड विकास पदा० का कार्यालय भवन एवं चहारदीवारी विगत पाँच वर्षों से जर्जर है;

(2) क्या यह बात सही है कि कार्यालय भवन एवं चहारदीवारी के निर्माण हेतु पंचायती राज विभाग को अनापत्ती देने हेतु भवन निर्माण विभाग के पत्रांक 2554, दिनांक 29 मार्च, 2010 एवं स्मारित पत्रांक 9954, दिनांक 21 दिसम्बर, 2010 को भेजा गया है जिसमें प्रस्ताव/प्राक्कलन पर स्वीकृति एवं अनापत्ति देने का अनुरोध किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कार्यालय भवन एवं चहारदीवारी निर्माण हेतु प्रस्ताव/प्राक्कलन की स्वीकृति एवं अनापत्ति देने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल की मरम्मती

*451. श्री सुरेश कुमार शर्मा-- क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर शहर अन्तर्गत एन०एच० 57 पर अवस्थित दादर पुल है, जो उत्तर बिहार के प्रमुख शहर दरभंगा, मधुबनी, सीतामढ़ी, इन्डो नेपाल इत्यादि को जोड़ती है, क्षतिग्रस्त है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त दादर पुल की मरम्मती कार्य कराना चाहती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

ट्यूबवेल चालू करना

*452. श्री सतीश कुमार-- क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के विदुपुर प्रखंडान्तर्गत चेचर, मथुरा, पानापुर, दिलावर, मथुरापुर एवं विदुपुर पंचायत स्थित स्टेट ट्यूबवेल विगत कई वर्षों से उपकरण एवं विद्युत अवरोध के कारण बंद है, जिससे किसानों को सिंचाई के लिए काफी आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सभी स्टेट ट्यूबवेल को चालू कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

फाटक का निर्माण

*453. श्री छेदी पासवान-- क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत कुदरा प्रखंड में ससना-जगदीशपुर बांध का जीर्णोद्धार कार्य वर्ष 2004-05 में कराया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त बांध में पानी के निकासी के लिए फाटक एवं करहा का निर्माण नहीं कराये जाने से इस क्षेत्र के पाँच गाँवों के 1500 एकड़ भू-भाग पर सिंचाई सुविधा उपलब्ध नहीं होने से प्रत्येक वर्ष किसानों को नुकसान उठाना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बांध में फाटक एवं करहा का निर्माण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का जीर्णोद्धार

* 454. श्री चितरंजन कुमार-- क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत बैदराबाद-शिवगंज (स्टेट हाइवे) पथ जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथों का जीर्णोद्धार

* 455. डॉ० इजहार अहमद-- क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बिरौल प्रखंड के जर्जर नवटोल पुल से भवानीपुर रोहार तथा गौड़ाबौराम प्रखंड के कुमई तक एवं बिरौल प्रखंड के साहो चौक से मणिकपुर होते हुए मिसियारा विगत् 2 वर्षों से बाढ़ में हुई क्षति की वजह से उक्त सड़के जीर्ण-शीर्ण अवस्था में रहने के कारण आमजनों का आना-जाना एवं वाहनों के आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त वर्णित पथों के जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का कालीकरण

* 456. श्री अरूण शंकर प्रसाद-- क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत सुक्की साईफन से एन०एच० 104 योगिया चौक तक की सड़क भाया सेलरा, पचहर लम्बाई 10 कि०मी० अत्यंत ही जीर्ण-शीर्ण अवस्था में रहने के कारण दुर्घटना होती रहती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ का कालीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*457. श्री रामानन्द राम-- क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बखरी प्रखंड के बखरी खगड़िया पी०डब्ल्यू०डी० पथ डरहा एवं जोकिया पुल ध्वस्त हो गया है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ एवं पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

बजट उपबंध बढ़ाना

*458. श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 13 दिसम्बर, 2011 को प्रकाशित शीर्षक ''जरूरत 1760 करोड़ की पर है 350 करोड़'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि ग्रामीण कार्य विभाग के रोड हेल्थ सर्वे में यह खुलासा किया गया कि ग्रामीण सड़कों का निर्माण हेतु 1760 करोड़ रुपये की आवश्यकता है, पर बजटीय अनुबंध 350 करोड़ का ही है;

(2) क्या यह बात सही है कि रोड हेल्थ सर्वे के अनुसार 2458 सड़के हैं, जिसकी लम्बाई 14059 कि०मी० है, मरम्मती उपबंध 350 करोड़ रुपये से सम्भव नहीं है;

(3) अगर उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए 1760 करोड़ रखने के बदले 350 करोड़ बजटीय उपबंध का क्या औचित्य है ?

---------

पथ का निर्माण

*459. डॉ० फैयाज अहमद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बिस्फी प्रखण्डान्तर्गत सिमरी से परसौनी-लहेरियासराय चौक-तीसी, गांगुली, दामोदरपुर, बनकट्टा मुख्य सड़क तक की सड़क काफी जर्जर अवस्था में है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्य पूरा करना

*460. श्री रामदेव महतो--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के उग्रनाथ उप-शाखा नहर एवं विदेश्वर उप-शाखा नहर में 573 संरचनाओं का कार्य एकरारनामित है, जिसमें से मात्र 31 का कार्य पूर्ण हो पाया है, यदि हां, तो क्या सरकार बचे हुए संरचनाओं का कार्य कबतक पूरा करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का पक्कीकरण

*461. श्री रतनेश सादा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत प्रखण्ड पतरघट के पामा पंचायत के पामा से पाम कल्प होते हुए धुनसहा एवं खोताही तक की सड़क विगत दस वर्षों से काफी जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है;

(2) क्या यह बात सही है कि सड़क जीर्ण-शीर्ण रहने के कारण आवागमन बाधित है तथा इसे पक्कीकरण कराने हेतु ग्रामीणों द्वारा 23 जून, 2007 एवं 25 सितम्बर, 2010 में स्थानीय पदाधिकारियों को आवेदन देकर ध्यान आकृष्ट कराया था;

(3) अगर उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराकर आवागमन को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का चौड़ीकरण

*462. श्री शिवजी राय--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत बनरझुला एन०एच० से एन०एच० 104 जो मोतिहारी, शिवहर एवं सीतामढ़ी जिले की सड़क को जोड़ती है, जो एक पथ है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ सिंगल रहने के कारण आये दिन घटनाएँ घटती रहती हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार तीन जिलों को जोड़ने वाली पथ का चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्य पूर्ण कराना

*463. श्री विनय बिहारी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत गंडक नदी के बाढ़ प्रभावित भटहियाँ ढाला से लेकर घोड़हिया बांध तक (लगभग 30 कि०मी०) पक्का बांध का निर्माण कराया जाना है;

(2) क्या यह बात सही है कि बाढ़ से पूर्व कार्य को कराने हेतु जनवरी, 2012 में निर्माण कार्य प्रारम्भ कर मार्च, 2012 तक कार्य समापन का समय संबंधित संवेदक के साथ एकरारनामा किया गया है, परन्तु अभीतक कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार एकरारनामे के अनुसार निर्धारित समय पर कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

ट्यूबवेल चालू कराना

*464. डॉ० अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सत्तर कटैया प्रखण्ड के गोबर गढ़ा, जरसैन, मेनहा एवं खोनहा गांव में लगे स्टेट ट्यूबवेल वर्ष 2007 से ही बन्द पड़ा है, जिससे सिंचाई कार्य ठप है यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्टेट टयूबवेल को ठीक कराकर चालू कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

नाला का निर्माण

*465. श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गाँधी मैदान से दानापुर मुख्य मार्ग गेट नं० 92 से 12 फीट चौड़ी सड़क राजेन्द्र राय के मकान तक एवं उसके आगे 20 फीट चौड़ी सड़क संजय कुमार के घर तक एवं उसके बायीं ओर होते हुए रामजानकी मंदिर तक पी०सी०सी० सड़क की स्थिति अत्यंत ही जर्जर है;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त सड़क से सटे पक्का नाला का निर्माण नहीं होने के कारण उक्त पथ पर वर्ष भर जल-जमाव की स्थिति बनी रहती है, जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त पथ में पी०सी०सी० सहित पक्का नाला के निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पानी देना

*466. श्री मो० आफाक आलम--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत कसबा विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत खाता घाट से कटिहार माझर में किसानों को सिंचाई हेतु 10 वर्षों से पानी नहीं छोड़ा जाता है, जिसमें 1000 हेक्टेयर कृषक को जमीन में सिंचाई करने में काफी कठिनाई होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नहर की मरम्मती एवं सफाई विगत् 2 वर्ष पूर्व हो चुका है फिर भी नहर में पानी नहीं दिया जा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खाता घाट में कटिहार माझर तक नहर में पानी देने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पटना :
दिनांक 29 फरवरी, 2012 (ई०) ।

लक्ष्मीकांत झा,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

बि०स०मु० (एल०ए०), 114--डी०टी०पी०--450